Dainik Bhaskar (Indore), 23rd September 2026, Page - 05

आईआईटी इंदौर में तीन दिनी 'हाइड्रो इंटरनेशनल' सम्मेलन 17 दिसंबर से

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर में 17 से 19 दिसंबर तक 31वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'हाइड्रो इंटरनेशनल 2026' आयोजित किया जाएगा। सिविल इंजीनियरिंग विभाग और इंडियन सोसाइटी फॉर हाइड्रोलिक्स के इस आयोजन में देश-विदेश के करीब 500 वैज्ञानिक, शिक्षाविद् और नीति-निर्माता हिस्सा लेंगे।

सम्मेलन की अध्यक्षता प्रो. मनीष कुमार गोयल करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य जलसंकट, बाढ़-सूखे के जोखिम और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के व्यावहारिक और टिकाऊ समाधान खोजना है।

सम्मेलन में जल प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग पर मंथन होगा। साथ ही राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना के तहत नर्मदा, कावेरी और गोदावरी सहित 6 प्रमुख नदी बेसिन के संरक्षण पर विशेष सत्र भी होंगे। आईआईटी डायरेक्टर प्रो. सुहास जोशी ने बताया इसका लक्ष्य अत्याधुनिक शोध को जमीनी चुनौतियों से जोड़ना है ताकि सस्ते और प्रभावी तकनीकी समाधान समाज के अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुंच सकें।